भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2112

उत्तर देने की तारीख-19/03/2025

उच्चतर शिक्षा संस्थान

2112 **श्रीमती फूलो देवी नेतमः**

श्रीमती रंजीत रंजनः

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कितने संस्थानों को उत्कृष्ट संस्थान (आईओई) का दर्जा दिया गया है, तथा उनका सार्वजनिक-निजी वितरण क्या है;

(ख) क्या उच्च प्रदर्शन करने वाले भारतीय विश्वविद्यालय अपने परिसर स्थापित कर रहे हैं और ऐसे विश्वविद्यालय कौन-कौन से हैं; और

(ग) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 में किए गए उल्लेख के अनुसार, विश्व के शीर्ष 100 विदेशी विश्वविद्यालयों में से कौन से विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर स्थापित कर रहे हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क): शिक्षा मंत्रालय द्वारा 12 संस्थानों को उत्कृष्ट संस्थान (आईओई) का दर्जा दिया गया है। इनमें से आठ सार्वजनिक संस्थान तथा चार निजी हैं।

(ख) और (ग): आईआईटी मद्रास और आईआईटी दिल्ली ने क्रमशः जंजीबार, तंजानिया और अबू धाबी, यूएई में अपने परिसर स्थापित किए हैं। यूजीसी (भारत में विदेशी उच्च संस्थानों के परिसरों की स्थापना और संचालन) विनियम 2023 के तहत गुरुग्राम, हरियाणा में परिसर स्थापित करने के लिए साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम को आशय पत्र (एलओआई) जारी किया गया है। दो ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों, अर्थात् - डीकिन विश्वविद्यालय और वॉलोन्गॉन्ग विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (अंतर्राष्ट्रीय शाखा परिसरों और अपतटीय शिक्षा केंद्रों की स्थापना और संचालन) विनियम 2022 के तहत गुजरात के गिफ्ट सिटी में अपने परिसर स्थापित किए हैं।

****